संख्या-194/2016/828/22-2-2016-17(200)/2016

प्रेषक,

सत्येन्द्र कुमार सिंह,

विशेष सचिव

उत्तर प्रदेश, शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,

कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,

उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ दिनांक 07 अक्टूबर, 2016***

विषयः-जिला कारागार, फैजाबाद में निरूद्ध बन्दी केशव चन्द्र पुत्र श्री रामसूरत गौड, निवासी जनपद - अम्बेडकर नगर की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-3284/पर-7/(एम-20-01-2016) दिनांक-03-02-2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार जिला कारागार, फैजाबाद बन्दी केशव चन्द्र पुत्र श्री रामसूरत गौड निवासी ग्राम-नगपुर, थाना-जलालपुर जनपद-अम्बेडकर नगर का रहने वाला है। बन्दी ने दिनांक 26-12-2009 को समय करीब 10:00 बजे राजकुमार गौड नाबालिक पुत्री कु0 आरती का अपहृत कर उसके साथ कई महीनों तक बलात्कार किया। उक्त अपराध हेतु बन्दी सत्र परीक्षण संख्या-139/2010 के अन्तर्गत भा0द0वि0 की धारा-363,366,376 के अन्तर्गत मा0 सत्र न्यायाधीश अम्बेडकर नगर द्वारा दिनांक 30-09-2014 को 08 वर्ष के कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 09.10.2015 तक 05 वर्ष 02 माह 04 दिन की अपरिहार तथा 05 वर्ष 06 माह 07 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। बन्दी का जेल आचरण अच्छा है। बन्दी का कोई सहअभियुक्त नहीं है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बन्दी द्वारा बलात्कार जैसा संगीन अपराध किया गया है जो समाज को व्यापक रूप से प्रभावित करता है एवं बन्दी पुनः अपराध करने में अशक्त नहीं होने की आख्या अंकित करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। पुलिस अधीक्षक ने जेल से रिहा होने पर अभियुक्त द्वारा अपने विरोधियों के साथ कोई भी संगीन अपराध की घटना कारित की जा सकती है एवं बन्दी पुनः अपराध करने में अशक्त नहीं की आख्या अंकित करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। जिला मजिस्ट्रेट, अम्बेडकर नगर ने अभियुक्त द्वारा अपने विरोधियों के साथ कोई भी घटना कारित की जा सकती है की आख्या अंकित करते हुए बन्दी की समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की है। प्रोबेशन बोर्ड ने बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिट्रेट द्वारा किये गये विरोध के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी केशव चन्द्र पुत्र श्री राम सूरत, निवासी जनपद-अम्बेडकर नगर को प्रोबेशन पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- उपरोक्त् वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी केशव चन्द्र (बन्दी संख्या-6788/14) पुत्र श्री राम सूरत निवासी जनपद-अम्बेडकर नगर के फार्म-ए पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति शासन द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।

(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

(सत्येन्द्र कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या-194/2016/828(1)/22-2-2016 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, जनपद-अम्बेडकर नगर ।

2- अधीक्षक, जिला कारागार, फैजाबाद।

3- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सत्येन्द्र कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश सख्या-194/2016/828/22-2-2016-17(200)/2016

दिनांक 07 अक्टूबर, 2016 का संलग्नक

<u>सरकार के आदेश</u>

जिला कारागार, फैजाबाद बन्दी केशव चन्द्र पुत्र श्री रामसूरत गौड निवासी ग्राम-नगपुर, थाना-जलालपुर जनपद-अम्बेडकर नगर का रहने वाला है। बन्दी ने दिनांक 26-12-2009 को समय करीब 10:00 बजे राजकुमार गौड नाबालिक पुत्री कु0 आरती का अपहृत कर उसके साथ कई महीनों तक बलात्कार किया। उक्त अपराध हेतु बन्दी सत्र परीक्षण संख्या-139/2010 के अन्तर्गत भा0द0वि0 की धारा-363,366,376 के अन्तर्गत मा0 सत्र न्यायाधीश अम्बेडकर नगर द्वारा दिनांक 30-09-2014 को 08 वर्ष के कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 09.10.2015 तक 05 वर्ष 02 माह 04 दिन की अपरिहार तथा 05 वर्ष 06 माह 07 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। बन्दी का जेल आचरण अच्छा है। बन्दी का कोई सहअभियुक्त नहीं है। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बन्दी द्वारा बलात्कार जैसा संगीन अपराध किया गया है जो समाज को व्यापक रूप से प्रभावित करता है एवं बन्दी पुन: अपराध करने में अशक्त नहीं होने की आख्या अंकित करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। पुलिस अधीक्षक ने जेल से रिहा होने पर अभियुक्त द्वारा अपने विरोधियों के साथ कोई भी संगीन अपराध की घटना कारित की जा सकती है एवं बन्दी पुन: अपराध करने में अशक्त नहीं की आख्या अंकित करते हुए समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। जिला मजिस्ट्रेट, अम्बेडकर नगर ने अभियुक्त द्वारा अपने विरोधियों के साथ कोई भी घटना कारित की जा सकती है की आख्या अंकित करते हुए बन्दी की समयपूर्व मुक्ति की संस्तुति नहीं की है। प्रोबेशन बोर्ड ने बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गंभीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिट्रेट द्वारा किये गये विरोध के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी केशव चन्द्र पुत्र श्री राम सूरत, निवासी जनपद-अम्बेडकर नगर को प्रोबेशन पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है। उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त शासन द्वारा बन्दी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार किये जाने का निर्णय लिया गया है।

(सत्येन्द्र कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।